**NEWS CLIPPING: 21.04.2018**

the pioneer

# THREE MOUS SIGNED AT YMCA'S INDUSTRIAL CONCLAVE 2018

Saturday, 21 April 2018 | PNS | Chandigarh | in Chandigarh

In a bid to create more employment opportunities for the students, three MoUs have been signed with the industries during the Industrial Conclave 2018 organised by YMCA University of Science and Technology at Faridabad.

"The industries with which YMCA signed the MOUs included Godrej and Boyce Manufacturing Company Ltd., YAMAHA Motors Solutions Pvt. Ltd. and NSIC-Technical Services Centre, Neemka," said an official spokesman.

He said that the theme of the conclave is 'Employability and Emerging Technologies' under TEQIP-3 Project. The aim of conclave is to provide a platform for industry and academic personnel to share their innovative ideas and upgrade their knowledge as per industry requirement.

About 150 representatives from industries participated in this conclave, he added. The programme was presided over by the Vice Chancellor Dinesh Kumar.

On the occasion, Vice Chancellor Dinesh Kumar said that the University has produced a lot of industry leaders who are working for their innovative ideas and have excelled in their field.

Encouraging the students for start-ups, Vice Chancellor said that the students should set up their own ventures instead of working in established industries.

He also emphasised to incorporate changes in the curriculum as per the technology needs.

A panel discussion and various expert lectures and competitions were also held during the conclave focused on emerging technologies and new job opportunities in different sectors. About 15 start-up ideas and 26 prototypes were displayed in the conclave.

**NEWS CLIPPING: 21.04.2018**

**DAINIK JAGRAN**

# औद्योगिक मांग के अनुरूप होगा कौशल विकास

**वाईएमसीए विवि में 'रोजगार तथा उभरती हुई प्रौद्योगिकी' विषय पर 'इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव-2018' का आयोजन**

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के लिए वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से एक दिवसीय 'इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव-2018' का आयोजन किया गया। 'रोजगार तथा उभरती हुई प्रौद्योगिकी' विषय पर कॉन्क्लेव में टीइक्यूआइपी-3 परियोजना के तहत किया गया, जिसमें विभिन्न उद्योगों से 150 से ज्यादा प्रतिनिधियों के हिस्सा लिया। कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

विद्यार्थियों के लिए रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण के ज्यादा से ज्यादा अवसर सृजित करने के दृष्टिगत गोदरेज एंड बोई मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड, यामाहा मोटर्स सोल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड तथा एनएसआइसी-टेक्निकल सर्विसेज सेंटर, नीमका के साथ तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इन समझौतों से विद्यार्थियों को औद्योगिक मांग के अनुरूप कौशल विकास के अवसर मिलेंगे। प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. सुमन वशिष्ठ, प्लेसमेंट अधिकारी डॉ.लखविंद्र सिंह, एलुमनी व कार्पोरेट सेल के निदेशक डॉ. संजीव गोयल तथा इंडस्ट्री रिलेशन्स सेल की निदेशक डॉ.रश्मि पोपली ने आयोजन के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



प्रोटोटाइप मॉडल प्रदर्शनी को देखते कुलपति प्रो .दिनेश कुमार, यूनाइटेड टेक्नोलॉजी के प्रबंध निदेशक अरूण भाटिया, स्टार वायर इंडिया लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक डॉ .एस .के गोयल।

इस अवसर पर विशेष रूप से मौजूद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र व यूनाइटेड टेक्नोलॉजी के प्रबंध निदेशक अरूण भाटिया ने कॉन्क्लेव के दौरान प्रस्तुत किये गये विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स की सराहना की। इंटिग्रेटिड एसोसिएशन ऑफ माइक्रो, स्माल एंड मीडियम इंटरप्राइजिज के चेयरमैन राजीव चावला ने उभरती तकनीकों तथा बिजनेस पर इसके प्रभावों के बारे में बताया। कॉन्क्लेव को स्टार वायर इंडिया लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक डॉ.एस.के गोयल ने भी संबोधित किया। कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने स्टार्ट-अप के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को स्थापित उद्योगों में नौकरी की बजाय खुद के उपक्रम शुरू करने पर ध्यान देना चाहिए।

इस अवसर पर पोस्टर प्रदर्शनी में स्गिनल आफ व्हील प्रोजेक्ट को पहला पुरस्कार दिया गया। मैकेनिकल हॉर्स तथा विंड मिल प्रोजेक्ट को क्रमशः दूसरा व तीसरा पुरस्कार दिया गया। प्रोटोटाइप मॉडल्स प्रदर्शनी में वेरिएबल स्टेरिंग रेशो मॉडल को पहला पुरस्कार, ब्लाइंड नेविगेशन स्टिक मॉडल को दूसरा तथा 3डी प्रिंटर व स्मार्ट हेलमेट मॉडल को तीसरा पुरस्कार दिया गया।

**NAVBHARAT TIMES**

# इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव-2018 आयोजित

■ **वस, फरीदाबाद :** विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने एक दिवसीय इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव-2018 का आयोजन किया। रोजगार व उभरती हुई प्रौद्योगिकी विषय पर आयोजित कॉन्क्लेव में विभिन्न उद्योगों से 150 से ज्यादा प्रतिनिधियों के हिस्सा लिया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में औद्योगिक प्रशिक्षण के लिए अवसर सृजित करने को लेकर कई कंपनियों के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

**NEWS CLIPPING: 21.04.2018**

**AMAR UJALA**

# छात्रों को रोजगार के बेहतर मौके मिलेंगे

**वाईएमसीए में हुआ औद्योगिक कॉन्क्लेव 2018**

अमर उजाला ब्यूरो
फरीदाबाद

विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के लिए वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से एक दिवसीय इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव-2018 का आयोजन किया गया। रोजगार तथा उभरती हुई प्रौद्योगिकी विषय पर कॉन्क्लेव में टीइक्यूआइपी-3 परियोजना के तहत किया गया, जिसमें विभिन्न उद्योगों से 150 से ज्यादा प्रतिनिधियों के हिस्सा लिया। कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

विद्यार्थियों के लिए रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण के ज्यादा से ज्यादा अवसर सृजित करने के लिए गोदरेज एंड बोई मैन्यूफेक्चरिंग कंपनी लिमिटेड, यामाहा मोटर्स सोल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड तथा एनएसआइसी-टेक्निकल सर्विसेज सेंटर, नीमका के साथ तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इन समझौतों से विद्यार्थियों को औद्योगिक मांग के अनुरूप कौशल विकास के अवसर मिलेंगे। प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. सुमन वशिष्ठ, प्लेसमेंट अधिकारी डॉ.लखविंद्र सिंह, एलुमनी व कॉरपोरेट सेल के निदेशक डॉ. संजीव गोयल तथा इंडस्ट्री रिलेशन्स सेल की निदेशक डॉ.रश्मि पोपली ने आयोजन के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



वाईएमसीए में मॉडल प्रदर्शनी को देखते हुए कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार और यूनाइटेड टेक्नोलॉजी के प्रबंध निदेशक अरुण भाटिया।

कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने स्टार्ट-अप के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को स्थापित उद्योगों में नौकरी की बजाय खुद के उपक्रम शुरू करने पर ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर पोस्टर प्रदर्शनी में सिगनल आफ व्हील प्रोजेक्ट को पहला पुरस्कार दिया गया। मैकेनिकल हॉर्स को दूसरा तथा विंड मिल प्रोजेक्ट को तीसरा पुरस्कार दिया गया। प्रोटोटाइप मॉडल्स प्रदर्शनी में वेरिएबल स्टेइक्षरग रेशो मॉडल को पहला पुरस्कार, ब्लाइंड नेविगेशन स्टिक मॉडल को दूसरा तथा 3डी प्रिंटर और स्मार्ट हेलमेट मॉडल को तीसरा पुरस्कार दिया गया।

**NEWS CLIPPING: 21.04.2018**

**HINDUSTAN**

# कॉन्क्लेव में पुराने छात्र शामिल हुए

फरीदाबाद | **वरिष्ठ संवाददाता**

वाईएमसीए विश्वविद्यालय के छात्रों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए शुक्रवार को इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव-2018 का आयोजन किया गया। इस दौरान रोजगार तथा उभरती प्रौद्योगिकी पर चर्चा की गई। इसमें यहां पढ़ाई कर चुके करीब 150 छात्रों ने भी हिस्सा लिया।

इसका आयोजन टीईक्यूआईपी-3 परियोजना के तहत किया गया। वहीं, विश्वविद्यालय के छात्रों ने कई प्रोजेक्ट भी तैयार कर उसे डिस्प्ले किया।

वाईएमसीए में रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए गोदरेज एंड बोई मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड, यामाहा मोटर्स सोल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड तथा एनएसआईसी-टैक्निकल सर्विसेज सेंटर, नीमका के साथ हस्ताक्षर किया गया। इसमें छात्र पढ़ाई के दौरान प्रशिक्षण भी ले सकेंगे। कॉन्क्लेव में कई कंपनियों के पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। इसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इसकी शुरुआत दीप प्रज्वलन कर की गई।

## आयोजन

- कार्यक्रम में यहां पढ़ाई कर चुके 150 छात्रों ने भी हिस्सा लिया
- विवि के छात्रों ने कई प्रोजेक्ट तैयार कर उसे डिस्प्ले किया

विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र और यूनाइटेड टेक्नोलॉजी के प्रबंध निदेशक अरुण भाटिया ने कॉन्क्लेव के दौरान प्रस्तुत किये गये विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स की सराहना की। उन्होंने कहना कि आज किसी भी चीज को जानने के लिए उत्सुक्ता होनी चाहिए। इसके अलावा उनमें संचार कौशल और प्रतिबद्धता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विकसित देश के विश्वविद्यालय की ओर से प्रोजेक्ट दिया जाता है। अभी तक तकनीक के लिए हमें चीन और जापान पर निर्भर रहना पड़ता है।

फरीदाबाद लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष राजीव चावला ने उभरती तकनीकों तथा व्यापार पर उसके प्रभावों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उभरती तकनीकों ने पूरे व्यावसायिक परिदृष्य को बदल दिया है, इसलिए उद्योगों की शिक्षण संस्थानों पर निर्भरता बढ़ने लगी है।

इसके लिए औद्योगिक-अकादमिक समझौता समय की मांग है। वहीं, स्टार वायर इंडिया लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक डॉ. एसके गोयल ने भी छात्रों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी।



फरीदाबाद स्थित वाईएमसीए विश्वविद्यालय में शुक्रवार को इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव-2018 की प्रदर्शनी में छात्र पार्थ गुप्ता ने गरीबों के लिए तैयार किए कूलर के मॉडल के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिसे छात्रों ने खूब सराहा • हिन्दुस्तान

**NEWS CLIPPING: 21.04.2018**

**PUNJAB KESARI**

# पर्यावरण संरक्षण के लिए सबकी भागीदारी जरूरी



*पर्यावरण पर आधारित प्रदर्शन के बारे में बताते हुए विद्यार्थी। (छाया :एस शर्मा)*

## अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

फरीदाबाद, 20 अप्रैल (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद द्वारा अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पृथ्वी के संरक्षण के लिए विश्वभर में जागरूकता लाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर भारतीय मौसम विभाग नई दिल्ली में उप महानिदेशक डॉ. एसडी अत्री कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और प्रमुख वक्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. संदीप ग्रोवर ने की। डॉ. एसडी अत्री ने अपने संबोधन में जलवायु बदलाव के विभिन्न पहलुओं के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम में मानविकी एवं विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. राज कुमार भी उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेनूका गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. ग्रोवर ने कहा कि सभी की भागीदारी पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता एवं रोकथाम संबंधी उपायों को लागू करने में सफलता हासिल की जा सकती है।


पंजाब केसरी ई-पेपर Sat, 21 April 2018 epaper.punjabkesari.in//c/28099